www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार, 22 अप्रैल 2026

## सुविचार



ज्यामिति की रेखाओं और चित्रों में हम वे अक्षर सीखते हैं जिनसे यह संसार रूपी महां पुस्तक लिखी गयी है।

-गैलिलिओ

## लखनऊ के प्रमुख समाचार

- रिटायर्ड डॉक्टर को सात दिन रखा डिजिटल अरेस्ट II
- श्रीमद्भागवत गीता से एस्ट्रो फीजिक्स तक पढ़ाएंगे III
- 14 पॉली क्लीनिक इसी माह चालू होने की उम्मीद IV

## शहर में आज



- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन- 10:00 बजे से।
- आईआईएम रोड स्थित बसंतकुंज के सेक्टर आई स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी के साइट ऑफिस एलडीए का ओटीएस कैंप- 10:00 बजे से।
- राजभवन गेट नंबर 1 के सामने डिप्लोमा इंजीनियर संघ सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की ओर से बैठक- 11:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# लखनऊ रूट पर 10 घंटे तक देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिल्ली, बरेली और मुरादाबाद रूट पर चल रहे तकनीकी कार्य
- स्लीपर और जनरल कोच के यात्री गर्मी से हो रहे बेहाल

**अमृत विचार:** दिल्ली, बरेली और मुरादाबाद रूट पर तकनीकी कार्यों और ब्लॉक के कारण लखनऊ होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनें 8 से 10 घंटे तक देरी से चल रही हैं। गर्मी में ट्रेनें देरी से चलने से स्लीपर और जनरल कोच के यात्री गर्मी से बेहाल हो रहे हैं।

सोमवार को 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल करीब 10 घंटे 31 मिनट लेट और 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल 2 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। इसके अलावा 04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर स्पेशल और 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल लगभग 6:30 घंटे, 01416 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल, 8 घंटे लेट हो गई। 04214 आनंद विहार-अयोध्या कैंट और 04204 आनंद विहार-लखनऊ चारबाग स्पेशल भी प्रभावित रही। पद्मावत एक्सप्रेस और गरीब नवाज एक्सप्रेस जैसी नियमित ट्रेनें भी विलंब से चल रही हैं। 21 अप्रैल से लखनऊ मंडल में मेगा ब्लॉक के कारण 10 लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है। ये ट्रेनें अब कानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ और अयोध्या के रास्ते चलाई जा रही हैं, जिससे लखनऊ समेत कई स्टेशनों पर इनका ठहराव नहीं होगा। इसके अलावा 21 अप्रैल से 12 मई के बीच कुछ ट्रेनों को लखनऊ के बजाय कानपुर से ही शुरू और समाप्त किया जा रहा है।

### गोमती नगर से कोलकाता तक चलेगी विशेष ट्रेन



**अमृत विचार, लखनऊ:** गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने गोमती नगर से कोलकाता के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 05064/05063 गोमती नगर–कोलकाता–गोमती नगर विशेष गाड़ी का संचालन दो फेरों के लिए किया जाएगा। ये ट्रेन गोमती नगर से 22 और 29 अप्रैल को और कोलकाता से 23 और 30 अप्रैल को चलेगी। 05064 गोमती नगर–कोलकाता विशेष गाड़ी गोमती नगर से सुबह 08:40 बजे रवाना होकर गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, मढ़ौरा, हाजीपुर, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल और नैहाटी होते हुए अगले दिन 13:10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05063 कोलकाता–गोमती नगर विशेष गाड़ी कोलकाता से 15:20 बजे प्रस्थान कर नैहाटी, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, जसीडीह, झाझा, बरौनी, हाजीपुर, मढ़ौरा, थावे, तमकुही रोड, गोरखपुर, बस्ती और गोंडा के रास्ते अगले दिन 18:30 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार इस विशेष ट्रेन के संचालन से यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और भीड़भाड़ में राहत मिलेगी।

## मार्गों और फुटपाथों से हटाए काउंटर और ठेले

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम ने सोमवार को मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया। जोन 4 में जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में एचसीएल पुलिस चौकी से एचसीएल गेट नंबर-1 तक तथा चिनहट तिराहे के आस-पास पान की गुमटी, एक स्टील काउंटर, दो लोहे के काउंटर तथा चार ठेले जब्त किए। जोन 7 में लेखराज मेट्रो स्टेशन के आस-पास चलाए गए अभियान में ठेलिया, कुर्सियां, लोहे के काउंटर, ठेले और गुमटी हटाईं।

## सिटी ब्रीफ

### इकाना के आसपास बढ़ते प्रदूषण पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**अमृत विचार, लखनऊ (विधि संवाददाता):** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इकाना स्टेडियम के आसपास बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय अव्यवस्थाओं को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों से अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने ब्रजभूषण दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के पश्चात पारित किया है। याचिका में स्टेडियम के आस पास फैले गंदगी और खराब पर्यावरण का मामला उठाया गया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख नियत कर दी है।

### आज और कल बसंतकुंज योजना में ओटीएस कैम्प

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण आईआईएम रोड स्थित बसंतकुंज योजना में 22 व 23 अप्रैल को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) कैंप लगाएगा। दो दिवसीय कैंप सेक्टर-आई में प्रधानमंत्री आवास कालोनी के साइट ऑफिस में आयोजित होगा। वहीं, मंगलवार को 91 बकायेदारों ने ओटीएस का लाभ लेने के लिए आवेदन किए। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी कैंप में आकर ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। उनकी सुविधा के लिए उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इनके द्वारा आवंटियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग करेंगे। मंगलवार को जानकीपुरम् विस्तार में कैंप का अंतिम दिन रहा। 91 आवंटियों ने आवेदन किए। अब तक ओटीएस के कुल 201 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सभी बकायेदार आवंटियों को दंड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज से छूट मिलेगी।

# आज चढ़ेगा पारा, कल से लू की संभावना

## कक्षा आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7:30 से 12:30 बजे तक खुलेंगे, बुजुर्ग और बीमार एहतियात बरतें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में गर्मी से राहत पानी के लिए स्प्रिंकलर से निकलते पानी के नीचे खड़े हिरन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के अधिकतम तापमान में सोमवार को मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन मंगलवार से फिर पारा चढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने 24 और 25 अप्रैल को लू चलने की संभावना भी जताई है। इससे एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक भी 23.6 डिग्री रहा। तापमान में भले ही मामूली गिरावट रही, लेकिन तेज धूप के कारण लोग बेहाल दिखे।

बढ़ते तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिले में सभी बोर्ड के निजी और सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्री-प्राईमरी से कक्षा 8 तक के समस्त बोर्डों के सरकारी, गैरसरकारी विद्यालयों का समय परिवर्तित करते हुए 22 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक सुबह 7:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक निर्धारित किया जाता है। इस आदेश की प्रमाणिकता को जनपद की वेबसाइट www.lucknow.nic.in पर चेक किया जा सकता है।

मौसम विभाग ने सुझाव दिया है कि लू से बचाव के लिए बच्चों, बुजुर्ग और बीमार व्यक्तियों को एहतियात बरतने की जरूरत है। धूप में अधिक देर तक काम करने से लू लगने की संभावना है। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप से पेट में ऐंठन और घमौरियां हो सकती हैं। मौसम विभाग ने बचाव के लिए सुझाव दिया है कि दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें।

ढ़ीले, हल्के और सूती वस्त्र पहनें। धूप में निकलते समय सिर पर गमछा, टोपी या छाते का प्रयोग करें। ऐंठन, कमजोरी, चक्कर आना, बेहोश या बीमार महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। शराब, चाय, कॉफी और उच्च प्रोटीन वाले और बासी भोजन करने से बचें।

### दोपहर 12 से 4 बजे तक घर में रहें

**अमृत विचार, लखनऊ :** बढ़ती गर्मी और लू की आशंका देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अत्यधिक तापमान शरीर पर गंभीर असर डाल सकता है, जिससे डिहाइड्रेशन, हीट एक्सॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में समय रहते सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। डॉक्टरों ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखने की अपील की है, क्योंकि ये वर्ग हीट स्ट्रोक के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) के डॉ आशुतोष कुमार दुबे के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बाहर जाना आवश्यक हो तो हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें, सिर को टोपी, गमछा या छाते से ढककर रखें। घर के अंदर ठंडक बनाए रखने के लिए पंखा, कूलर या एसी का उपयोग करें।



लविवि में खुद को धूप से बचाने के लिए दुपट्टे से सिर ढककर जातीं छात्राएं।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

- तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी, त्वचा का गर्म और सूखा होना तथा अत्यधिक प्यास लगना। ऐसे लक्षण दिखने पर व्यक्ति को तुरंत ठंडी जगह ले जाकर शरीर को ठंडा करें, ओआरएस दें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### ये सावधानियां रखें

- बंद गाड़ी में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें, धूप में वाहन खड़ा करने से बचें और तेज धूप में भारी काम न करें। स्वच्छ पानी का सेवन, संतुलित आहार लें और धूप से बचाव करें।

### ओआरएस, नीबू पानी, छाछ और नारियल पानी पीयें

- केजीएमयू में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हैदर अब्बास ने पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी का नियमित सेवन लाभदायक है, जबकि चाय, कॉफी और शराब से परहेज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा खान-पान में भी सावधानी जरूरी है। हल्का, ताजा और सुपाच्य भोजन लें तथा तले-भुने और मसालेदार खाद्य पदार्थों से दूरी बनाएं। तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और संतरा जैसे फल शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। बाहर निकलते समय स्वच्छ पानी साथ रखें और केवल सुरक्षित जल स्रोतों का ही उपयोग करें।

# जॉगर्स पार्क की बदहाली पर ब्लैकलिस्ट की जाएगी फर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- उपाध्यक्ष ने दिए निर्देश, जब्त होगी सिक्योरिटी
- क्षतिग्रस्त पाथवे, सूखे पौधे मिलने पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने दुबग्गा स्थित जॉगर्स पार्क में अनुरक्षण व औद्यानिकीकरण कार्य करने वाली कंपनी की जमानत राशि जब्त करके ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई निरीक्षण के दौरान सूखे पौधे, क्षतिग्रस्त पाथवे समेत अन्य कार्यों में लापरवाही बरतने पर की गई है।

पिछले सप्ताह उपाध्यक्ष ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ जॉगर्स पार्क का निरीक्षण किया था। पार्क का रखरखाव व अनुरक्षण कार्य सही नहीं पाया। जगह-जगह पाथवे क्षतिग्रस्त और धूल देखी। क्यारियों में सूखे पत्ते व घास मिली। औद्यानिकरण के कार्य हेजिंग, पौधा रोपण, सिंचाई व्यवस्था भी सही नहीं मिली। इस कारण पौधे सूखे मिले। इससे पहले 24 मई 2025 को भी निरीक्षण में पाथवे, बाउंड्रीवाल की मरम्मत, पेंटिंग, साफ-सफाई, अनुरक्षण व औद्यानिकीकरण के कार्य ठीक न मिलने पर संबंधित कंपनी श्री सांई शक्ति को सुधार की चेतावनी दी थी।

इसके बाद भी लापरवाही बरतने पर कंपनी की जमानत राशि जब्त करके ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश मुख्य अभियंता और सहायक उद्यान अधिकारी को दिए हैं। साथ ही प्रवेश द्वार की टूटी टाइल्स बदलना, पाथवे का निर्माण, फाउंटेन का संचालन आदि कमियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

### 15 जून तक हो जाएगी नालों की सफाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम ने मानसून से पहले शहर के नालों की सफाई की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम ने टेंडर निकाल दिए हैं। मई में टेंडर खुलेंगे और एक महीने में 15 जून तक सफाई का काम पूरा हो जाएगा। इनमें शहर के बड़े, मध्यम और छोटे नाले शामिल हैं। प्रमुख नालों की सफाई आरआर विभाग मशीनरी से कराता है जबकि मध्यम नालों की सफाई मुख्य अभियंता सिविल कार्यालय से कराई जाएगी। मुख्य अभियंता महेश गौतम ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमा में बड़े, मध्यम और छोटे कुल मिलाकर 1352 नाले हैं, जिनकी लंबाई 1041 किलोमीटर है। इनमें 3 मीटर से अधिक चौड़ाई के 57 बड़े नालों की लंबाई 108 किलोमीटर, 1 से 3 मीटर चौड़ाई के 335 मझोले नालों की लंबाई 478 किलोमीटर और आधा मीटर से अधिक और 1 मीटर से कम चौड़ाई के 960 छोटे नालों की लंबाई 454 किलोमीटर है।

### जोन-3 के जानकीपुरम में सड़क पर लगा गेट नगर निगम ने हटाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम जोन 3 के जानकीपुरम कालोनी में सड़क पर गेट लगाकर सार्वजनिक रास्ता बंद कर दिया गया था। इससे क्षेत्रीय नागरिक परेशान थे और नगर निगम से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर निगम के अधिकारियों की ओर से टालमटोल के बाद निवासी न्यायालय की शरण में चले गए। जिसके बाद सोमवार को नगर निगम की टीम ने कोर्ट के आदेश पर करीब 4 महीने बाद अवैध तरीके से सड़क पर लगाए गए गेट को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया। इससे क्षेत्रीय निवासियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। कार्रवाई में नगर अभियंता जोन 3 नजमी मुजफ्फर, जेई आलोक श्रीवास्तव, सहायक अभियंता विनोद पाठक सहित प्रवर्तन दल और क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित रहा।

**प्रतिभा को मिले पंख** | खेतों में काम करने वाले संसाधन विहीन ग्रामीण छात्रों ने पहले ही प्रयास में हासिल कर ली जेईई मेंस में सफलता

# महामना के मार्गदर्शन से 15 छात्रों ने छू लिया आसमान

मार्कंडेय पांडेय, लखनऊ



जेईई मेंस एडवांस में सफलता हासिल करने वाले महामना शिक्षण संस्थान के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** खेतों में काम करने वाले संसाधनों विहीन ग्रामीण छात्रों को अर्जुनगंज स्थित महामना शिक्षण संस्थान मार्गदर्शन मिला तो ऊंची छलांग लगा दी। इस शिक्षण संस्थान के 15 छात्रों को पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई मेंस एडवांस में सफलता हासिल कर ली।

सफलता हासिल करने वाले गोरखपुर के पियूष राम त्रिपाठी, चंदौली के शशि प्रकाश कुशवाहा, प्रतापगढ़ के अंशुमान पाण्डेय और रायबरेली के अथर्व श्रीवास्तव के घरों में आज भी सीमित संसाधन हैं। किसी के पिता किसान, किसी के मजदूर, लेकिन इन बच्चों ने यह साबित कर दिया कि काबिलियत पैसों की मोहताज नहीं होती। भाऊराव देवरस सेवा न्यास के इस प्रकल्प ने इन छात्रों को सिर्फ पढ़ाया नहीं, बल्कि उनके सपनों को जीने का मौका दिया, वह भी पूरी तरह निःशुल्क। 11वीं-12वीं की पढ़ाई, जेईई की तैयारी, रहने-खाने की व्यवस्था सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है।

संस्थान के सचिव रंजीव तिवारी (आईआईटी-बीएचयू पूर्व छात्र) बताते हैं कि इस बार 4 छात्रों ने 90 पर्सेन्टाइल से ऊपर स्कोर कर यह दिखा दिया कि सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो प्रतिभा किसी भी मंच पर चमक सकती है।

### बदलते भारत की तस्वीर

- 2019 में शुरू हुआ यह संस्थान उन बच्चों के लिए उम्मीद का दरवाजा है, जिनके सपने अक्सर पैसों के अभाव में दम तोड़ देते हैं। अब तक यहां से निकले 60 से ज्यादा छात्र देश के बड़े संस्थानों में बीटेक और एमबीबीएस कर रहे हैं। आईआईटी बीएचयू के पूर्व छात्र आदित्य व उनकी टीम पढ़ाती है। पूर्व छात्र और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी गाइड करते हैं।

### अगली उड़ान की तैयारी

- महामना संस्थान ने सत्र 2026-27 के लिए 1 मई से प्रवेश शुरू होगा। हाईस्कूल 2026 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र आवेदन कर सकेंगे। इन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 3.5 लाख रुपये से कम होना जरूरी है। लिखित परीक्षा, इंटरव्यू और सत्यापन से प्रवेश होगा।

### सीएमएस के 27 छात्रों को 99 से अधिक परसेन्टाइल

- सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सर्वाधिक 179 छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा के द्वितीय चरण में सफलता अर्जित की है। इन 179 छात्रों में से 27 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक जबकि 119 छात्रों ने 95 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये हैं। यह सभी छात्र अब जेईई एडवान्स में शामिल होंगे। छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी (एनटीए) द्वारा घोषित आधिकारिक कट-ऑफ मार्क्स से कहीं अधिक अंक अर्जित किया है। इस वर्ष का जनरल कट-ऑफ मार्क्स 93.41 है जबकि ईडब्ल्यूएस का कट-ऑफ मार्क्स 82.41, ओबीसी-एनसीएल का कट-ऑफ मार्क्स 80.92, एससी का कट-ऑफ मार्क्स 63.91 एवं एसटी का कट-ऑफ मार्क्स 52.01 है।

# गोमती नगर में 20 करोड़ से बनेगा कम्यूनिटी सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरस्वती अपार्टमेंट के पास 2900 वर्गमीटर में बनेगी तीन मंजिला बिल्डिंग
- हॉल, स्वीमिंग पूल, जिम, कैफेटेरिया योगा सेंटर आदि की सुविधा मिलेगी

**अमृत विचार :** गोमती नगर विस्तार में रिवर व्यू अपार्टमेंट के आवंटियों के लिए 20 करोड़ रुपये से पीपीपी मोड पर आलीशान कम्यूनिटी सेंटर बनेगा। जो हॉल, डाइनिंग एरिया, जिम, कैफेटेरिया, योगा सेंटर व स्वीमिंग पूल जैसी सुविधाओं से लैस रहेगा। मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के समक्ष परियोजना का प्रेजेंटेशन दिया गया, जिस पर पीपीपी मोड पर निर्माण कराने के लिए आरएफपी आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में सरस्वती अपार्टमेंट के पास लगभग 2900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण होगा। यह कम्यूनिटी सेंटर तीन मंजिल का होगा, इसमें बेसमेंट पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। यहां कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मल्टीपर्पज हॉल व लॉन के साथ ही किचन, डाइनिंग एरिया, आठ कमरे व दो सुइट होंगे। इसके अलावा इन्डोर गेम्स, जिम, योगा सेंटर, कैफेटेरिया व स्वीमिंग पूल की भी सुविधा रहेगी। बिल्डिंग के रूफ टॉप पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे विद्युत व्यय भार नियंत्रित रहेगा। बिल्डिंग की डिजाइन काफी आकर्षक होगी। निर्माण पूर्ण होने के बाद संचालन के लिए समिति गठित की जाएगी। इसमें गोमती नगर महाकल्याण समिति के पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा। बैठक में मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा व अधिशासी अभियंता अजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।





गोमती नगर विस्तार कम्यूनिटी सेंटर का मॉडल।

# छप्पर में लगी भीषण आग, 13 बकरियां जिंदा जलीं, युवक झुलसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा के मलहा गांव में मंगलवार दोपहर को हुई घटना
- अग्निशमनकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर पाया काबू

**अमृत विचार:** दुबग्गा के मलहा गांव में मंगलवार दोपहर में मवेशियों के छप्पर में आग लग ई। आग की चपेट में आने से 13 बकरियां जिंदा जल गई। दो भैंसे झुलस गई। मवेशियों को बचाने गया युवक भी गंभीर रुप से झुलस गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने ग्रामीणों की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पाया।

मलहा गांव निवासी रामचंद्र के घर के पास बने छप्पर में दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और पास में रखी रामविलास की परचून की गुमटी भी चपेट में आ गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई और लोग बाल्टी व पानी के टैंकर लेकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच सकी, जिससे नुकसान बढ़ गया। ग्रामीणों के अनुसार, फायर ब्रिगेड का इमरजेंसी नंबर कई बार मिलाने पर भी संपर्क नहीं हो सका। बाद में फिर से सूचना देने के बाद करीब आधे घंटे में तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। फायर कर्मियों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर रामचंद्र की 13 बकरियां जलकर मर गईं, जबकि महादेव की दो भैंसें झुलस गईं। भैंस को बचाने के दौरान महादेव का बेटा मोहित भी झुलस गया। वहीं, रामविलास की परचून की गुमटी में रखा करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मुन्ना लाल के घर की छत पर लगे बांस भी जल गए। आग की सूचना पर आसपास के गांवों के लोग भी मदद के लिए पहुंचे। राजस्व कर्मियों और पशु चिकित्सकों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।


पीड़ितों से मिलकर सांत्वना देते पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर। अमृत विचार

**समय से नहीं पहुंची गाड़ियां:** ग्रामीणों का आरोप है कि आग लगते ही ग्रामीणों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इसके बाद भी अग्निशमन विभाग की टीम समय से नहीं पहुंची। इस दौरान ग्रामीण आग पर काबू पाने में झुलस गए। हालात यह थे कई बार सूचना देने के बाद दमकलकर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। इस मामले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल ने बताया कि सूचना मिलते ही गाड़ियां निकल गई थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था।

### पीड़ितों से मिले कौशल किशोर, मदद का आश्वासन

- पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर मलहा गांव पहुंचे और अग्निकांड से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को यथासंभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि प्रशासन और सरकार की ओर से मिलने वाली हर संभव मदद दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आग में मरी प्रत्येक बकरी के लिए 5000 रुपये की सहायता दी जाएगी। जिन लोगों के पास आवास नहीं है, उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत घर भी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।


दुबग्गा के मलहा गांव में आग लगने से झुलसी भैंस। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### घर के सामने पेड़ लगाने का विरोध करने पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना सेक्टर एम एलडीए कॉलोनी में रहने वाली महिला के अनुसार 18 अप्रैल को उसके घर के सामने पड़ोसी शुक्ला परिवार द्वारा घर के सामने पेड़ लगाया जा रहा था। जिसकी जानकारी होने पर जब उसने आपत्ति की। इस पर पड़ोसी विपक्ष द्वारा उसी शाम करीब 7:30 बजे शिवम शुक्ला, रितेश शुक्ला, राधव शुक्ला समेत 6-7 अज्ञात लोगों ने पीड़ित के घर के गेट तोड़कर जबरन घर में घुस उसके पति के साथ मारपीट करने लगे। जब उसने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का-मुक्की और छेड़छाड़ की। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक सवार ने जेवर से भरा बैग छीना

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक निवासी अजरा मकसूद के मुताबिक 18 अप्रैल की रात करीब 10:30 से 10:45 बजे के बीच वह अपनी बहन और तीन बच्चों के साथ ई-रिक्शा से कैसरबाग स्थित ग्लोब कैफे के पास से घर लौट रही थीं। जैसे ही उनका ई-रिक्शा सिटी स्टेशन बड़े छत्ते के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए एक बाइक सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर उनका हैंडबैग छीन लिया और फरार हो गया। बताया कि बैग में उनका मोबाइल फोन, करीब चार हजार रुपये, सोने की बालियां और बच्चों की दवाइयों के पर्चे रखे थे। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिवार और पुलिस को दी। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नेटफ्लिक्स के नाम पर 11.71 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के विनम्र खंड निवासी डॉ. शैलेंद्र शुक्ला के मुताबिक, 22 फरवरी की शाम वह टीवी पर नेटफ्लिक्स न चलने की समस्या के समाधान के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोज रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टमर केयर कर्मचारी बताते हुए व्हाट्सएप पर लिंक भेजा और उसे खोलने के लिए कहा। लिंक के जरिए आई एपीके फाइल ओपन करते ही मोबाइल हैक हो गया। उन्होंने तुरंत फोन रिसेट किया, लेकिन तब तक जालसाज यूनियन बैंक खाते से कई ट्रांजेक्शन के जरिए 11,71,586.06 रुपये यूपीआई से निकाल चुके थे। ठगी का पता चलते ही उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर साइबर सेल में तहरीर दी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के अनुसार, रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### ठेका और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक क्षेत्र के चौपटिया रोड निवासी सुदेश मिश्रा के मुताबिक वह भूतपूर्व सैनिक सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा. लि. के निदेशक हैं। 22 मार्च 2026 को रनधीर सिंह नामक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, मानेसर प्लांट का अधिकारी बताया और ठेका दिलाने की बात कही। वेंडर कोड जारी कराने के नाम पर तीन लाख रुपये मांगे गए। भरोसा कर 23 मार्च को उन्होंने अपने और कर्मचारियों के खातों से कुल 2,99,999 रुपये यूपीआई के जरिए बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद आरोपी का मोबाइल बंद हो गया, जिससे ठगी का पता चला। पीड़ितों ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही है।

# रिटायर्ड डॉक्टर को सात दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, ठगे 1.55 करोड़

## एटीएस और एनआईए अधिकारी बनकर जालसाजों ने धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच दिन में चार खातों रकम कराई ट्रांसफर, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** एटीएस और एनआईए के अधिकारी बनकर 75 वर्षीया रिटायर्ड महिला डॉक्टर को जालसाजों ने सात दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। उनसे 13 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच में चार बैंक खातों में 1.55 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराये। पीड़िता को ठगी का पता चला तो शनिवार को साइबर क्राइम थाने पहुंची। आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।



शाहनजफ इमामबाड़ा कैम्पस राणा प्रताप मार्ग, हजरतगंज निवासी डॉ. जिया सुल्ताना प्रोविंशियल मेडिकल सर्विसेज (पीएमएस) से रिटायर्ड हैं। पति डॉ. साजिद रजा की काफी पहले मौत हो चुकी है। डॉ. जिया सुल्ताना के मुताबिक 11 अप्रैल को उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लखनऊ मुख्यालय से इंस्पेक्टर आकाश शर्मा बताया। कहा कि उनका आधार नंबर किसी गैरकानूनी व आतंकवादी गतिविधि में प्रयोग हो रहा है। इसके बाद उन्हें महाराष्ट्र के एटीएस विभाग से 'एनआईसी प्रमाण पत्र' लेने की बात कहकर डराया गया। पीड़िता के अनुसार, ठगों ने उन्हें किसी से भी संपर्क न करने की चेतावनी दी। गोपनीयता का हवाला देकर उनके बैंक खातों की पूरी जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति, जिसने खुद को एनआईए अधिकारी बताया, लगातार फोन कर उन्हें धमकाता रहा और पैसे "सुरक्षा जांच" के नाम पर बताए गए खातों में ट्रांसफर करने को कहा।

### पांच दिन में चार बैंक खातों में ट्रांसफर कराई रकम

- डॉ. जिया के मुताबिक जालसाजों के झांसे में आकर वह डर गई। आरोपियों ने 13 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच चार अलग-अलग खातों में कुल 1.55 करोड़ रुपये आरटीजीएस के जरिये जमा करा लिये। यह रकम जांच के नाम पर खातों में ट्रांसफर कराये थे। जब पैसे वापस नहीं आए, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़िता ने ऑन लाइन शिकायत की। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर जालसाजों ने दो से ठगे 5.76 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निवेश और सस्ते सीमेंट के झांसे में फंसाकर वारदात, दो थानों में रिपोर्ट

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से कुल 5.76 लाख रुपये ठग लिये। चिनहट क्षेत्र के मटियारी निवासी रत्नेश कुमार से निवेश के नाम पर 3.79 लाख और बीबीडी क्षेत्र के अनौरा कला निवासी आशीष मिश्रा से सस्ते सीमेंट का झांसा देकर 1.97 लाख रुपये हड़प लिये। दोनों मामलों में संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

मूल रूप से अंबेडकरनगर निवासी रत्नेश कुमार के अनुसार 10 फरवरी को उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने ऑनलाइन निवेश का लालच दिया। झांसे में आकर उन्होंने विभिन्न बैंक खातों में कुल 3.79 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। बाद में वेबसाइट फर्जी होने का पता चला। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, आशीष मिश्रा के मुताबिक 16 मार्च को एक व्यक्ति ने खुद को सीमेंट कंपनी का सेल्स मैनेजर बताते हुए सस्ते दाम पर सीमेंट दिलाने का भरोसा दिया। कोटेशन भेजकर भुगतान कराया और 1.97 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। रकम मिलते ही आरोपी का मोबाइल बंद हो गया। पीड़ित की तहरीर पर बीबीडी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### क्लीनिक में तोड़फोड़ हंगामा, एफआईआर

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** निलमथा की रहने वाली डॉ. अंजू राज के अनुसार वह पिछले 5 साल से विजय नगर चौराहा निलमथा में स्थित अपनी राज क्लीनिक चलाती हैं। सामने रहने वाली मीरा गुप्ता व उनके पति अशोक कुमार गुप्ता ने 12 दिसंबर 2025 को बाइक हटाने को लेकर जातिसूचक गालियां दीं और मरीजों के सामने अपमानित किया। ईंट-पत्थर से बाइक तोड़ने की कोशिश की और क्लीनिक में आग लगाने की धमकी दी। इसके बाद 15 दिसंबर को विपक्षियों ने क्लीनिक पर कूड़ा फेंका 27 दिसंबर को क्लीनिक का साइन बोर्ड फाड़ दिया। 28 दिसंबर को गैलेन्डर से बोर्ड कटवा दिया। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग से की थी। आयोग के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर ठगी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वृंदावन कालोनी निवासी युवक से आईफोन दिलाने का दिया था झांसा

**अमृत विचार:** वृंदावन कालोनी सेक्टर-7 निवासी शुभम कसौधन ने बिजनौर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि बिजनौर स्थित औरंगाबाद जागीर निवासी राजकमल मिश्रा, अनुज पाल, शुभमान अंसारी नाम के युवकों ने ऑन लाइन आईफोन बेचने का झांसा देकर एक लाख रुपये ठग लिये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शुभम कसौधन के मुताबिक 16 सितंबर 2025 को राजकमल मिश्रा को आईफोन 17 प्रो खरीदने के लिए एक लाख रुपये खाते में ट्रांसफर किए थे। तब आरोपी ने जल्द मोबाइल देने का आश्वासन दिया, लेकिन कई दिनों तक इंतजार कराने के बाद भी फोन उपलब्ध नहीं कराया। आरोप है कि जब उसने पैसा वापस मांगा तो आरोपी ने डीलर को रकम ट्रांसफर होने का हवाला देते हुए जल्द लौटाने का भरोसा दिया। तीन महीने बीतने पर भी न तो मोबाइल मिला और न ही रकम वापस की गई। शुभम इस बीच कई बार आरोपी के घर जाकर भी संपर्क किया, लेकिन हर बार टालमटोल करता रहा। पीड़ित का आरोप है कि इस धोखाधड़ी में राजकमल के साथ अनुज पाल और शुभमान अंसारी नामक युवक भी शामिल हैं। फिलहाल डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फर्जीवाड़ा कर बेची जमीन, गिरफ्तार

- पीजीआई पुलिस थाने में जनवरी 2025 में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भूखंड बेचने के नाम पर जालसाजी कर लाखों रुपये ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। पीजीआई पुलिस ने उसे मंगलवार को दबोचा। आरोपी के पास से मोबाइल, पैन कार्ड, आधार कार्ड, डेबिट कार्ड समेत कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं।

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सर्वेश कुमार पांडेय आशियाना के शारदानगर रतनखंड का रहने वाला है। उसके खिलाफ उन्नाव जिले की रहने वाली गायत्री देवी ने 9 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि सर्वेश पाण्डेय और उसके साथियों ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर उनसे रुपये ले लिए। इस दौरान फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी की गई। पीड़िता के पति भारतीय थल सेना में तैनात हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है और शौक पूरे करने के लिए इस तरह की ठगी करता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके पहले इस मामले में तीन लोग जेल जा चुके हैं। फिलहाल उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जाली दस्तावेज बना मकान हड़पने की साजिश

- **अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज थाना क्षेत्र में जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो मंजिला मकान हड़पने की साजिश रची। सआदतगंज निवासी मोईजुद्दीन की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि कूटरचित कागजात के आधार पर मकान की रजिस्ट्री दूसरे व्यक्ति के नाम करा दी गई और अब कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने ग्राम मल्हपुर, वार्ड हैदरगंज स्थित खसरा संख्या 251 के तहत 700 वर्गफुट के दो भूखंड 23 दिसंबर 2024 को विधिवत खरीदे थे, जिस पर बाद में दो मंजिला मकान बनवाया। 10 फरवरी 2026 को एक फाइनेंस कंपनी से जानकारी मिली कि उनकी संपत्ति का किसी अन्य व्यक्ति के नाम फर्जी बैनामा कराया गया है। जांच में सामने आया कि 15 नवंबर 2025 को आरोपियों ने पीड़ित की जगह दूसरे व्यक्ति की फोटो लगाकर फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा निशान के जरिए रजिस्ट्री करा ली। इस मामले में राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव और शाहीना बानो के नाम सामने आए हैं। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रुपये लेकर नहीं दिलाई नौकरी, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** आशियाना की एलडीए कालोनी निवासी दीपक कश्यप से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर सैरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपियों ने धमकी भी दी।

दीपक के मुताबिक पड़ोसी के माध्यम से उनकी मुलाकात आईआईएम रोड स्थित मुबारकपुर चौराहा निवासी सत्यम शुक्ला से हुई, जिसने अपने साथी तरूण मौर्या के साथ मिलकर विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। शुरुआत में 50 हजार रुपये यूपीआई के जरिए जमा कराए गए और पासपोर्ट बनवाने को कहा गया। इसके बाद



अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच अलग-अलग किश्तों में 1.85 लाख रुपये और लिए गए।

रुपये लेने के बाद दोनों आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया। घर पहुंचने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पहले अगस्त 2025 में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जाम का दृश्य


आज शहर में जाम की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप में देखने को मिली। निशातगंज गोमती ब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को काफी दिक्कत हुई। घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। ● शुभंकर चक्रवर्ती

# फंदे से लटका मिला युवक, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के डिप्टी खेड़ा निवासी आशीष शुक्ला (45) ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसे फंदे से लटका देख परिजन लोकबंधु अस्पताल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मंगलवार दोपहर को परिजन को सुपुर्द कर दिया है।

डिप्टीखेड़ा में आशीष शुक्ला परिवार संग रहते थे। पुलिस के मुताबिक आशीष के भाई की करीब एक साल पहले मौत हुई थी। तब से आशीष की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी। सोमवार रात रात जब पत्नी की आंख खुली तो देखा कि पति पंखे के सहारे साड़ी से लटक रहे थे। परिजन ने अशीष को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन पुलिस को सूचना दी।

# फंदा लगाकर समाप्त कर ली जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के जरहरा स्थित शीतलनगर कालोनी निवासी अजय कुमार (30) की सोमवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलतः सीतापुर के लखनीपुर महमूदाबाद निवासी अजय कुमार मजदूरी करता था। मृतक पत्नी और तीन बच्चों के साथ इंदिरानगर के शीतलनगर जरहरा क्षेत्र में किराए पर रहता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात अजय ने खाना खाया और कमरे में सोने चला गया। कुछ देर बाद पत्नी कमरे में गई तो देखा कि पति फंदे से लटक रहे थे। यह देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक अभी तक अजय के आत्महत्या करने का कारण नहीं पता।

# अचानक खोला कार का गेट बाइक सवार टकराकर घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर के विवेकखंड इलाके में हुई घटना, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विवेकखंड में गलत दिशा में खड़ी एसयूवी चालक ने अचानक गेट खोल दिया। इसी बीच पीछे से आ रहा बाइक सवार युवक टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ठीक होने के बाद उसने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पत्रकारपुरम निवासी मनीष यादव के मुताबिक वह बाइक से विवेक खंड स्थित ऑफिस जा रहे थे। इस दौरान सड़क पर गलत दिशा में खड़ी एक फॉर्च्यूनर कार खड़ी थी। चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। जिससे उनकी बाइक कार के दरवाजे से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मनीष घायल हो गए और बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। इस दौरान कार चालक बाइक सवार को घायल छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने घायल को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। होश आने पर डॉक्टरों ने बताया कि उनके दाहिने पैर दो जगह से हड्डियां टूट गई हैं। शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई है। होश में आने पर डॉक्टर ने मनीष के परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी और अस्पताल आने को कहा। परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। घायल ने गोमतीनगर थाने में आरोपी कार सवार के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुत्ते को टहलाने को लेकर विवाद, महिला से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घर में घुसकर अभद्रता का आरोप इंदिरानगर थाने में एफआईआर

**अमृत विचार :** इंदिरानगर के तकरोही इलाके में कुत्ते को टहलाने को लेकर विवाद के बाद महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट और अभद्रता की, जिससे वह बेहोश हो गईं। पीड़िता की तहरीर पर इंदिरानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

संस्कृति इन्क्लेव निवासी पीड़िता के अनुसार, कॉलोनी निवासी अजय जायसवाल की बेटी रात करीब 8:21 बजे सार्वजनिक पार्क में कुत्ते को घुमा रही थी। पार्क में पशुओं के प्रवेश पर रोक का हवाला देते हुए पीड़िता ने इसकी फोटो खींचकर व्हाट्सएप ग्रुप में साझा कर दी। इसी बात से नाराज होकर रात करीब 10 बजे आरोपी पक्ष के लोग पीड़िता के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

आरोप है कि पीड़िता के बाहर आने पर सभी ने जबरन घर में घुसकर बाल पकड़कर घसीटा, लात-घूंसों से पीटा और एक युवक ने सीने पर वार किया। महिला ने अश्लील हरकत का भी आरोप लगाया है।

# श्रीमद्भागवत गीता से एस्ट्रो फीजिक्स तक पढ़ाएंगे

## कुलपति बोले, लविवि में 11 स्नातक, 10 स्नातकोत्तर और 22 माइनर डिग्री विकल्प शुरू, 2326 सीटें भी बढ़ाईं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर श्रीमद्भागवत गीता, एआई, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, पौरोहित्य, वास्तुशास्त्र और वाइल्ड लाइफ जैसे विषयों में नए पाठ्यक्रम शुरू कर लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक क्षेत्र में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने घोषणा की है कि नए सत्र से ऐसे कई पाठ्यक्रम आरंभ होंगे, जो उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों में पहली बार शुरू किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने शैक्षणिक, प्रशासनिक और अधोसंरचनात्मक सुधारों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

विश्वविद्यालय में 11 नए स्नातक, 10 स्नातकोत्तर और 22 माइनर डिग्री कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही पांच सह-पाठ्यक्रम और व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी जोड़े गए हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों को वर्तमान शैक्षणिक और औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें रोजगारपरकता और अंतर्विषयक अध्ययन पर विशेष जोर दिया गया है। कुछ पाठ्यक्रमों में विषय की बाध्यता भी समाप्त की गई है, जिससे अलग पृष्ठभूमि के छात्र भी नए क्षेत्रों में प्रवेश ले सकेंगे।

**माइनर डिग्री कार्यक्रम:** नई शैक्षणिक संरचना के तहत माइनर डिग्री कार्यक्रमों का विस्तार किया गया है। छात्र अपने मुख्य पाठ्यक्रम के साथ अतिरिक्त योग्यता के रूप में माइनर डिग्री चुन सकेंगे। दूसरे वर्ष से इसे शुरू कर 20 क्रेडिट अपनी गति से पूरे किए जा सकते हैं। यह व्यवस्था बहुविषयक रुचि रखने वाले छात्रों के लिए लाभकारी मानी जा रही है।

**प्रवेश प्रक्रिया और सीट वृद्धि:** विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 2326 सीटों की वृद्धि को मंजूरी दी है। पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा। एलएलबी में प्रवेश कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लेट) से और एमबीए में प्रवेश कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) के माध्यम से कराया जाएगा।

**संबद्ध महाविद्यालयों का विकास व अधोसंरचना:** संबद्ध महाविद्यालयों के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। सरकारी और सहायता प्राप्त महाविद्यालयों से परामर्श किया जा चुका है, जबकि स्ववित्तपोषित संस्थानों के साथ बैठकें प्रस्तावित हैं। फोकस शोध अधोसंरचना, मान्यता परिणाम और संस्थागत रैंकिंग सुधार पर रहेगा। पारदर्शिता के लिए निरीक्षण और फैकल्टी चयन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड-पार्टी मूल्यांकन कराया जाएगा। खाद्य निविदाओं में ब्रांड मानकीकरण किया गया है। छात्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए तीन नए छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए हैं।


लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य अधिकारी नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत पर बातचीत करते हुए। अमृत विचार

### नए पाठ्यक्रमों की झलक

- स्नातक स्तर पर बीएससी कम्प्यूटेशनल एस्ट्रोफिजिक्स, अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री, बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट, ई-कॉमर्स, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, बीए में सांख्यिकी, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, बीसीए में एआई, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बीए एलएलबी और होटल मैनेजमेंट जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं।

  परास्नातक स्तर पर एमएससी एआई, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, एमएससी वाइल्ड लाइफ, एमए पौरोहित्य, वास्तुशास्त्र, पोषण विज्ञान, एमफार्मा तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में टूरिज्म और कल्चरल हेरिटेज समेत कई नए कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

### मूल्यांकन और परीक्षा सुधार

- मूल्यांकन प्रणाली में सुधार के लिए एक समिति गठित की गई है, जो एब्सोल्यूट और रिलेटिव ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने की संभावनाओं का अध्ययन करेगी। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए सभी परीक्षाएं, जिनमें प्रायोगिक भी शामिल हैं, कैमरा निगरानी में कराई जाएंगी और उनकी रिकॉर्डिंग विश्वविद्यालय को सौंपी जाएगी। पुन: परीक्षा की स्थिति में नए केंद्र निर्धारित किए जाएंगे।

## मयंक और पार्थ की दमदार जीत, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**अमृत विचार , लखनऊ :** आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में चल रही ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (आइटा) पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त दिल्ली के मयंक शर्मा और तीसरी वरीयता प्राप्त महाराष्ट्र के पार्थ पाटिल ने अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मयंक शर्मा ने उत्तर प्रदेश के अनुज कुमार को एकतरफा मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराया। वहीं पार्थ पाटिल ने हरियाणा के प्रतीक को 6-3, 6-4 से मात देकर अगले दौर में प्रवेश किया। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर ऋषि ने किया, जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त ध्रुव को 6-4, 7-5 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। छठी वरीयता प्राप्त आदित्य ने भी शानदार वापसी करते हुए उदय कौल को 3-6, 6-3, 6-0 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में सौरव यादव ने यश वर्मा को, जबकि देवराज गोहिल ने अरित्रो घोष को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा ओम यादव और मुकुल ने भी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

## सिटी ब्रीफ

### आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। अभ्यर्थियों का आरोप है की इस प्रकरण पर सरकार कोई पहल नहीं कर रही जिस कारण से मामला लटकता चला जा रहा। इस प्रकरण की पहली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सितंबर माह 2024 में हुई थी उसके बाद से लगातार तारीख पर तारीख मिल रही है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता ने कहा की इस प्रकरण के निस्तारण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट से डेट नहीं मिल रही। आंदोलन में शामिल होने के लिए लखनऊ आने वाले अभ्यर्थियों को पुलिस ने उन्हें उनके गांव में ही हाउस अरेस्ट कर लिया इस बात को लेकर अभ्यर्थियों में आक्रोश है। पुलिस ने विक्रम यादव निवासी सीओ कालौनी शिकोहाबाद, अनिल कुमार, देवेन्द्र लोधी, बालकराम जिला फिरोजाबाद को हाउस अरेस्ट कर लिया।

### भाषा विश्वविद्यालय के चार छात्रों का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में व्यवसाय प्रशासन विभाग के चार छात्रों अभिषेक कुमार सिंह, अभिषेक तिवारी, अभिज्ञान एवं दिव्यांश का चयन इंपैक्ट्रा कंसल्टिंग द्वारा आयोजित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम–2026 के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही चयनित छात्रों को प्री–प्लेसमेंट ऑफर भी प्राप्त हुआ है। छात्रों को प्रतिमाह 20,000 रुपये का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इंटर्नशिप के अंतर्गत छात्र मार्केटिंग एवं मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) के क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. मुशीर अहमद ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता विभाग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण का परिणाम है।

### कौस्तुभ शा को मिली स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र कौस्तुभ शॉ को अमेरिका के रोचेस्टर इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा 1 लाख 28 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली है। सीएमएस के एक और छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान–विज्ञान के दम पर उच्चशिक्षा हेतु स्कॉलरशिप अर्जित किया है। यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गांधी ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।



### बैडमिंटन में अक्षय को तिहरा खिताब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाराबंकी के एक छोटे से गांव के रहने वाले अक्षय पाण्डेय ने गोमतीनगर मिनी स्टेडियम में हुई जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए तिहरे खिताब पर कब्जा जमाया। अक्षय ने सीनियर वर्ग के एकल के साथ अंडर–19 एकल और युगल का खिताब अपने नाम किया है। यूपी बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले अक्षय पाण्डेय ने सीनियर वर्ग एकल के फाइनल में अर्पित को 15–6, 13–15 और 15–10 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब रहें। वहीं अंडर–19 एकल फाइनल में अक्षय ने अतुल मोहन त्रिपाठी को सीधे और आसान गेमों में 15–12, 15–7 से शिकस्त दी। वहीं अंडर–19 युगल के खिताबी मुकाबले में अक्षय ने शिवम यादव के साथ मिलकर अतुल कुमार सिंह और आदित्य सिंह की जोड़ी को 15–13, 15–6 से शिकस्त दी।



### एलडीए में सात आश्रितों को मिली नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में मंगलवार को सात मृतक आश्रितों को सेवायोजित किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिए। साथ ही पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि मृतक आश्रितों में हर्ष प्रजापति, जितेन्द्र पाल, शिवा वाल्मीकि, यशराज वर्मा, करन पांडेय, सोनम गौतम को अनुचर तथा सौरभ राठौर को दफ्तरी के पद पर नियुक्ति दी गयी है।


मैच से पूर्व इकाना स्टेडियम में अभ्यास करते राजस्थान रॉयल्स के रविन्द्र जडेजा। अमृत विचार

# घरेलू मैदान पर होगी दमदार वापसी : ध्रुव जुरैल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टीम की तैयारी मजबूत, हार से मनोबल नहीं टूटा


ध्रुव जुरैल

**अमृत विचार :** राजस्थान रॉयल्स के युवा खिलाड़ी ध्रुव जुरैल ने टीम के हालिया प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि घरेलू मैदान पर खेलना टीम के लिए उत्साहजनक है और जल्द ही जीत की लय वापस आएगी। मंगलवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में एक-दो हार से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। टीम पिछले दो मुकाबले जरूर हारी है, लेकिन खिलाड़ियों का मनोबल पूरी तरह बरकरार है और सभी वापसी के लिए तैयार हैं।

जुरैल ने कहा कि टीम की तैयारी मजबूत है और अब लक्ष्य अगले तीन-चार मैच जीतकर प्लेऑफ की राह आसान करना है। उन्होंने स्पिनर रवि बिश्नोई की तारीफ करते हुए कहा कि मिडिल ओवरों में उनकी गेंदबाजी गेम चेंजर साबित हो रही है। साथ ही कोच कुमार संगकारा के मार्गदर्शन को अपने करियर के लिए बेहद अहम बताया और कहा कि उनसे लगातार सीखने को मिल रहा है।

युवा खिलाड़ी वैभव की तारीफ करते हुए उन्हें प्रतिभाशाली बताया और कहा कि दोनों के बीच मैदान पर अच्छा तालमेल बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ओपनर्स की अच्छी शुरुआत मिडिल ऑर्डर को बेहतर रणनीति बनाने का अवसर देती है, जिससे टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ सकती है।

## एलएसजी की बल्लेबाजी पर मार्करम का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खराब दौर बताते हुए कहा- टीम करेगी मजबूत वापसी


एडन मार्करम

**अमृत विचार :** लखनऊ लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज एडन मार्करम ने टीम की मौजूदा बल्लेबाजी पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह सिर्फ खराब दौर है और टीम जल्द ही लय हासिल कर लेगी। उन्होंने माना कि इस सीजन में बल्लेबाजी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, लेकिन इसे चिंता का विषय नहीं बताया।

मार्करम ने कहा कि क्रिकेट में कई बार अच्छे शॉट के बावजूद गेंद फील्डर के हाथ में चली जाती है, जिससे रन गति और स्ट्राइक रेट प्रभावित होते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे समय में धैर्य बनाए रखना जरूरी होता है और टीम इसी दिशा में काम कर रही है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में टीम के जुझारूपन ने खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है और ड्रेसिंग रूम का माहौल सकारात्मक किया है।

निकोलस पूरन की फॉर्म पर उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी का खराब समय आता है, लेकिन पूरन जैसे खिलाड़ी किसी भी समय मैच जिता सकते हैं और टीम को जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं।

## यूपीपीसीएल कर्मचारी वार्ता अचानक स्थगित कर्मचारियों में नाराजगी

**अमृत विचार , लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और कर्मचारी संगठनों के बीच 21 अप्रैल को प्रस्तावित महत्वपूर्ण वार्ता अचानक स्थगित कर दी गई। इस फैसले से कर्मचारियों में निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से एमडी पंकज कुमार के स्थानांतरण के बाद नए एमडी की ओर से कार्यभार न संभालने के कारण वार्ता को टाले जाने के कारण बताया है। कर्मचारी संगठनों ने जल्द नई तारीख घोषित करने की मांग की है।

# प्राचीन भारतीय प्रतिमान पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल पीजी कॉलेज में प्राचीन भारतीय प्रतिमान और नेतृत्व विकास विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नवनालंदा महाविहार (मानित विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह रहे। उन्होंने पश्चिमी दृष्टिकोण और भारतीय परंपरा के संदर्भ में नेतृत्व विकास पर विस्तृत विचार रखे।

प्रो. सिंह ने अपने वक्तव्य की शुरुआत इन्ने इंशा की प्रसिद्ध पंक्तियों "वो लोग बहुत खुशकिस्मत थे, जो इश्क को काम समझते थे..." से की। उन्होंने राजनयिक अनुभव, बौद्ध दर्शन और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों का समन्वय प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व को आत्म-विकास की निरंतर प्रक्रिया बताया। व्याख्यान में उन्होंने एडोल्फ हिटलर को केस स्टडी के रूप में लेते हुए "महानता" की अवधारणा पर प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि हिटलर कुशल वक्ता और संगठक था, लेकिन उसे महान नेता नहीं कहा जा सकता। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी "ट्रेट थ्योरी" की तुलना भारतीय चरित्र निर्माण के सिद्धांतों से की। प्रो. सिंह ने "ट्रांजैक्शनल थ्योरी" को अंतरराष्ट्रीय राजनीति के "साम-दाम-दंड-भेद" सिद्धांत से जोड़ते हुए समझाया। सम्राट अशोक के "चंडाशोक" से "धम्माशोक" बनने का उदाहरण देते हुए उन्होंने नेतृत्व के क्रमिक विकास को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो. देवेंद्र के. सिंह के उद्बोधन से हुई, जबकि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आकृति कुमार ने सत्र का संचालन किया।


नवनालंदा महाविहार (मानित विवि) के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह।


हैंडबॉल में विजेता केडी सिंह स्टेडियम की टीम। अमृत विचार


वॉलीबॉल में विजेता लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम। अमृत विचार

# जीजीआईसी, केडी सिंह स्टेडियम और एलयू बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार :** महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला लीग का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस लीग में कबड्डी, हैंडबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हैंडबॉल में केडी सिंह बाबू स्टेडियम, कबड्डी में जीजीआईसी विकासनगर और वॉलीबॉल में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम चैंपियन बनी।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जीजीआईसी विकासनगर ने फाइनल में दयानंद गर्ल्स कॉलेज को 37-12 से हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में दयानंद गर्ल्स कॉलेज ने एसकेडी एकेडमी को 38-12 से हराया, जबकि जीजीआईसी ने चौक स्टेडियम को 37-13 से पराजित किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. हेमा बिंदु नायक ने किया, जबकि समापन पर समाजसेवी मुरलीधर आहूजा ने पुरस्कार वितरित किए।

**हैंडबॉल में केडी सिंह स्टेडियम विजेता:** हैंडबॉल के फाइनल में मेजबान केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने केवी एएमसी को 10-7 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में केडी सिंह ने माउंट कार्मल को और केवी एएमसी ने जीजीआईसी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुरलीधर आहूजा ने किया।

**वॉलीबॉल में लखनऊ विश्वविद्यालय चैंपियन:** वॉलीबॉल के फाइनल में लखनऊ विश्वविद्यालय ने एसवीएफ को 15-10 से हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में एलयू ने डीपीएस और एसवीएफ ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। उद्घाटन लखनऊ वॉलीबॉल संघ के सचिव संजय कुमार सिंह ने किया।


कबड्डी की विजेता जीजीआईसी विकासनगर की टीम। अमृत विचार

## सिटी डायरी


डॉ. भावना मिश्रा को फर्स्ट एड बॉक्स सौंपते कुलपति प्रो. जेपी सैनी।

### सभी छात्रावासों में फर्स्ट एड सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र–छात्राओं के हित के लिए आरोग्य भवन से फर्स्ट एड बॉक्स का वितरण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रावास एवं कुछ विभागों में इसे भेजा जिससे किसी छात्र के अस्वस्थ होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार किया जा सके। आवश्यकता पड़ने पर छात्र–छात्राओं को आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) में इलाज के लिए भेजा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर एवं नवीन परिसर दोनों में छात्र–छात्राओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्रमश: आरोग्य भवन एवं सुश्रुत चिकित्सालय की स्थापना की गई है। कुलपति जय प्रकाश सैनी जी द्वारा छात्र–छात्राओं के हित के लिए सुबह के समय गांधी पार्क टैगोर के सामने योग का कार्यक्रम लगातार संचालित किया जा रहा है। योग कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए कैलाश छात्रावास में नियमित रुप से योगा क्लास का संचालन किया जा रहा है।


लविवि में विरोध प्रदर्शन करते आउटसोर्स कर्मचारी।

### कर्मचारियों-छात्रों का विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय पर हिन्द सिक्योरिटी फोर्स के आउटसोर्स कर्मचारियों ने धरना देकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें केवल 26 दिन का वेतन मिला है। उन्होंने मालिक रामनिवास चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जनवरी और फरवरी में काटे गए वेतन का भुगतान मार्च के साथ करने की मांग की। साथ ही सरकारी अवकाश व रविवार की कटौती पर लिखित आदेश और अतिरिक्त कार्य के लिए ओवरटाइम देने की मांग उठाई। इसी बीच फीस वृद्धि को लेकर छात्रों में भी आक्रोश दिखा। सैकड़ों छात्र कैंपस में एकत्र होकर प्रशासनिक भवन का घेराव किया और नारेबाजी की। छात्रों ने फीस बढ़ोतरी का निर्णय वापस लेने की मांग की।


सम्मानित किए गए शिक्षक।

### निपुण विद्यालय के शिक्षक सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च प्राथमिक विद्यालय अमानीगंज, मलिहाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य के मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें एआरपी हरिशंकर राठौर की उपस्थिति में नामांकन वृद्धि और निपुण भारत मिशन पर चर्चा की गई। शिक्षकों को नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में पीएस घुसोली, अमानीगंज, हमीरापुर व गौसखेड़ा को निपुण विद्यालय घोषित होने पर संबंधित शिक्षकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वप्निल सुमन मौर्य ने किया। इस मौके पर उर्मिला मौर्य, रुचि अरोरा सहित कई शिक्षक व शिक्षामित्र मौजूद रहे।


पृथ्वी दिवस पर छात्राएं चित्रों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करती हुई।

### पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भूविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. नरेंद्र कुमार ने कहा कि इनका उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सतत विकास लक्ष्य समिति के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने बताया कि छह रचनात्मक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## सिटी ब्रीफ

### 238 दावे का सर्वे पूरा जल्द मिलेगा क्लेम

**अमृत विचार, लखनऊ :** मार्च में बारिश से गेहूं व अन्य बीमित फसलों के नुकसान का बीमा कंपनी ने सर्वे पूरा कर लिया है। कुल 238 दावों पर किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाएगी। कृषि विभाग ने बीमा कंपनी से दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। मार्च में बारिश से गेहूं व अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा था। कृषि और राजस्व विभाग के सर्वे में क्षतिपूर्ति मानकों के अनुसार नहीं मिली थी। ऐसे में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को क्षतिपूर्ति की उम्मीद जगी। किसानों ने बीमित फसलों के कुल 273 दावे टोलफ्री पर दर्ज कराए। इनमें 238 स्वीकृत किए गए, शेष दो बार दावे दर्ज करने पर निरस्त कर दिए गए। कृषि विभाग की स्वीकृति पर 238 दावों का सर्वे किया गया। उपनिदेशक विनय कौशल ने बताया कि मंगलवार तक कंपनी ने सर्वे पूर्ण कर लिए है। दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। बीमित फसलों में जितना नुकसान मिला उतनी क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा दी जाएगी।

### आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मंगलवार को जगदगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह 4 :30 बजे मंगल आरती से शुरू हुआ यह आयोजन रात 9 बजे निरंतर चलता रहा। स्वामी इष्टकृपानंद ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शंकर देशीकाष्टम की स्तुति की। मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने इस मौके पर कहा कि भारत में चार मठों की स्थापना करने वाले जगद्गुरु आदि शंकराचार्य का जन्म 8वीं सदी में केरल में हुआ था। 8 साल की उम्र में शंकराचार्य जब अपनी मां विशिष्टा देवी के साथ नदी में स्नान के लिए गए तो वहां उन्हें मगरमच्छ ने पकड़ लिया। जिसके बाद शंकराचार्य ने अपनी मां से कहा कि वो उन्हें सन्यासी बनने की अनुमति दे दें वरना ये मगरमच्छ उन्हें मार देंगे, जिसके बाद उनकी मां ने उन्हें सन्यासी बनने की अनुमति दे दी।

### विवाद में युवक और बुजुर्ग दंपति को पीटा

**अमृत विचार, निगोहां :** रतनापुर निवासी अखिलेश कुमार के मुताबिक मंगलवार को वह अपने दरवाजे पर खड़े डाला को पानी से धो रहा था। इसी बीच गांव के सौरभ अपनी कार लेकर वहां पहुंचे। रास्त बाधित होने पर सौरभ ने तुरंत डाला हटाने को कहा। अखिलेश का आरोप है उसने समय मांगा। जिस पर सौरभ भड़क गया, गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध किया तो सौरभ ने अपने साथी गौरव व एक अन्य के साथ अखिलेश पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने अखिलेश के पिता व माता पहुंची। उनको भी दबंगों ने नहीं बख्शा। लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर ग्रामीण जुटे तो धमकाते हुए आरोपी भाग निकले। एसओ निगोहां अनुज तिवारी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की जान गई

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल के गगन वरौली गांव निवासी मूलचंद्र किसान है। परिवार में पत्नी गुड्डी, दो बेटे है। बड़ा बेटा नीरज यादव (22) और छोटा बेटे मानसिंह है। पिता ने बताया कि बड़ा बेटा किसी काम के लिए घर से निकला था। वापस आते वक्त गांव के बाहर मलिहाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा होते ही वहां भीड़ जुट गई। पुलिस कंट्रोल रूम पर युवक की मौत की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। युवक के पास से मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने परिजन को सूचना दी गई। पिता ने बड़े बेटे नीरज के रूप में शव की पहचान की। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सैरपुर के सरारमऊ गांव निवासी सावन लाल (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के बाहर नदी किनारे औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, सावन लाल सोमवार को शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता हरिचंद्र ने बताया कि उसे मिर्गी के दौरे आते थे। आशंका है कि दौरा पड़ने से वह नदी किनारे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# 14 पॉली क्लीनिक इसी माह चालू होने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेषज्ञों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू की गई

**अमृत विचार :** शहर में पॉली क्लीनिक शुरू करने की योजना विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण पिछले तीन महीनों से अटकी हुई थी। अब स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए विशेषज्ञों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इसी माह के अंत तक सभी क्लीनिक शुरू हो जाएंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जिले में 14 पॉली क्लीनिक स्थापित किए जाने हैं। प्रत्येक क्लीनिक में विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती प्रस्तावित है। हालांकि, कम मानदेय के चलते विशेषज्ञों की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी रही।

स्वास्थ्य विभाग ने 28 विशेषज्ञ पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन केवल 22 आवेदन ही प्राप्त हुए। इसी वजह से योजना में देरी हुई। प्रत्येक क्लीनिक में ईएनटी, बाल रोग, स्त्री रोग, एमडी मेडिसिन और कैंसर जैसे क्षेत्रों के दो विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए जाने हैं। इन विशेषज्ञों को प्रतिदिन 5000 रुपये मानदेय देने का प्रावधान है।

क्लीनिकों की स्थापना के लिए लगभग 10 लाख रुपये का बजट पहले ही जारी किया जा चुका है। जिले में वर्तमान में 108 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) संचालित हैं, जहां एमबीबीएस डॉक्टर तैनात हैं। लेकिन विशेषज्ञ सेवाओं के अभाव में मरीजों को बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए पॉली क्लीनिक योजना तैयार की गई थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि पीजी कर चुके विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती प्रक्रिया जारी है और सभी क्लीनिक इसी महीने के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

## कमीशन के लिए आयुष्मान के मरीज की निजी लैब से कराई जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में मरीजों की जांच के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि जूनियर डॉक्टर कमीशन के लालच में गरीब मरीजों को निजी लैब में जांच के लिए भेज रहे हैं, जबकि ये सुविधाएं संस्थान में उपलब्ध हैं। मंगलवार को मामले का खुलासा होने पर प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी डॉक्टर या स्टाफ की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बस्ती जिले के केसवापुर निवासी 65 वर्षीय मोतीलाल आयुष्मान योजना के लाभार्थी हैं। सोमवार सुबह उन्हें इलाज के लिए



पर्चे पर लिखा निजी लैब का नाम

ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। इलाज के बाद मंगलवार को उन्हें गांधी वार्ड में शिफ्ट किया गया। यहां दोपहर करीब 12 बजे उनके बेटे अजय को तीन जांच पर्चियां दी गईं। इनमें से दो जांच के सैंपल केजीएमयू में जमा करने को कहा गया, जबकि एक पर्ची पर निजी लैब का नाम लिखकर बाहर भेजा गया। बेटे के मुताबिक निजी लैब में उससे 1400 रुपये लिए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि जिन जांचों के लिए मरीज को बाहर भेजा गया, वे सुविधाएं संस्थान में ही उपलब्ध हैं। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी संबंधित विभागाध्यक्ष को दे दी गई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती के शुरुआती 24 घंटे में मुफ्त जांच की सुविधा होने के बावजूद मरीज के परिजनों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। मरीज के बेटे सूरज के अनुसार, सोमवार शाम करीब चार बजे भर्ती कराने के बाद डॉक्टरों ने कई जांचें कराईं, जिसके लिए उन्हें 1830 रुपये चुकाने पड़े।

## कैंसर संस्थान में न्यूक्लियर मेडिसिन की इकलौती डॉक्टर का इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वेतन विसंगति और बदइंतजामी से बढ़ रहीं मुश्किलें
- पांच साल में 28 विशेषज्ञ छोड़ चुके संस्थान से नौकरी

**अमृत विचार :** कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान की न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की इकलौती विशेषज्ञ डॉ. सोनम सुमन ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में कारण स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार वेतन असमानता इसकी बड़ी वजह मानी जा रही है।

बताया जा रहा है कि सुपर स्पेशियलिटी संस्थान होने के बावजूद यहां कई डॉक्टरों को स्टेट मेडिकल कॉलेज के समान वेतन दिया जा रहा है, जबकि कुछ को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) और संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के बराबर वेतन मिल रहा है। इसी असमानता से डॉक्टरों में नाराजगी बढ़ रही है। डॉ. सोनम के इस्तीफे के बाद न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग लगभग ठप हो गया है। इससे पेट-सीटी समेत अन्य महत्वपूर्ण जांच सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। मरीजों को अब 20 से 25 किलोमीटर दूर जाकर जांच करानी पड़ रही है। संस्थान की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 400 मरीज पहुंच रहे हैं, जबकि 300 बेड वाले अस्पताल में अधिकांश बेड भरे रहते हैं। इमरजेंसी में रोजाना 40 से 50 मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। वेतन विसंगति और बदइंतजामी के चलते पिछले पांच वर्षों में 28 विशेषज्ञ डॉक्टर संस्थान छोड़ चुके हैं। इसके अलावा 60 से अधिक नर्सिंग स्टाफ और एक दर्जन से ज्यादा टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारी भी नौकरी छोड़ चुके हैं।

### चार अहम विभागों में डॉक्टरों का अभाव

- संस्थान में रेडियो डायग्नोसिस, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूक्लियर मेडिसिन जैसे चार महत्वपूर्ण विभागों में एक भी डॉक्टर नहीं बचा है। इसका सीधा असर कैंसर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है।

### विलुप्त होते जा रहे कुएं



डालीगंज लल्लूमल धर्मशाला में कुआं पानी भरकर निकालतीं किशोरियां।

## पेंशनर्स ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊः** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को पेंशनर्स ने शहर में बीएन सिंह प्रतिमा स्थल पर धरना दिया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने आरोप लगाया कि मार्च 2025 में वित्त विधेयक के जरिए सीसीएस (पेंशन) नियम 1972 में संशोधन कर सरकार ने पेंशनरों में तिथि के आधार पर भेदभाव का रास्ता खोला है। पुराने पेंशनरों को 8वें वेतन आयोग से बाहर रखने की मंशा साफ दिख रही है। वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, 18 माह के महंगाई भत्ते का भुगतान, आयकर समाप्त करने, रेल किराए में वरिष्ठ नागरिकों की छूट बहाल करने, 65 वर्ष के बाद हर पांच वर्ष पर 5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि, महंगाई भत्ते को मूल पेंशन में मर्ज करने और आयुष्मान योजना की सीमा बढ़ाने की मांग की गई। प्रदर्शन में एसपी सिंह उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स महासंघ, एसके मिश्र राष्ट्रीय सचिव, मुकेश सक्सेना, अमरनाथ यादव प्रान्तीय अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा, उपाध्यक्ष एसके मिश्रा, महामंत्री ओपी त्रिपाठी, जिलामंत्री आरसी उपाध्याय, जेपी पांडेय प्रांतीय अध्यक्ष मिनिस्ट्रियल फेडरेशन एवं प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उपस्थित रहे।

## 35.56 करोड़ की स्टाम्प शुल्क चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वर्ष 2025-26 में प्रशासन और निबंधन विभाग ने पकड़ी 778 रजिस्ट्री
- दर्ज किया स्टाम्प वाद, ब्याज समेत चार गुना की जाएगी वसूली

**अमृत विचार :** जिले में बीते वर्ष 2025-26 में व्यावसायिक, आवासीय और कृषि संपत्तियों की 778 रजिस्ट्री में 35.56 करोड़ रुपये की स्टाम्प शुल्क चोरी (अपवंचन) पकड़ी गई है। ज्यादातर रजिस्ट्री में आवासीय क्षेत्र को कृषि और व्यावसायिक को आवासीय दिखाया गया। जमीन में निर्माण होने पर कहीं कम तो कहीं दर्शाया ही नहीं गया। अभिलेखों में कवर्ड एरिया, सड़क की चौड़ाई आदि सही तथ्य छिपाकर रजिस्ट्री कराई गई। इससे निबंधन विभाग को करोड़ों की चपत लगी है। सबसे ज्यादा 124 रजिस्ट्री उप निबंधक मोहनलालगंज और 122 रजिस्ट्री उप निबंधक बीकेटी ने पकड़ी है।

जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबंधन और उप निबंधक ने कुल 4817 रजिस्ट्री की स्थलीय जांच की थी। इनमें 4039 रजिस्ट्री सही पाई गईं। जबकि कृषि भूमि, आवासीय भूखंड, मकान, फ्लैट, कॉलोनी आदि की 778 रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क बचाने के लिए दस्तावेजों में हेरफेर पाया। इस खेल में बिल्डर, प्रापर्टी डीलर, एजेंट भी शामिल हैं। कार्रवाई के लिए सभी मामलों में स्टाम्प वाद दायर करके नोटिस दिए हैं। इनसे विभागीय नियम के तहत स्टाम्प शुल्क चोरी पर चार गुना जुर्माना ब्याज समेत वसूला जाएगा।

### डीएम ने एक, एडीएम ने 15 रजिस्ट्री में पकड़ी चोरी

- जिलाधिकारी एक रजिस्ट्री, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व 15, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम 45, सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय 86, उप निबंधक प्रथम लखनऊ एक, उप निबंधक द्वितीय लखनऊ 31, उप निबंधक तृतीय लखनऊ 49, उप निबंधक चतुर्थ लखनऊ 48, उप निबंधक पंचम 73, उप निबंधक सरोजनी नगर प्रथम 38, उप निबंधक सरोजनी नगर द्वितीय 65, उप निबंधक मोहनलालगंज 124, उप निबंधक मलिहाबाद 80, उप निबंधक बीकेटी ने 122 रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क चोरी पकड़ी है।

## बालू खनन का साझीदार बनाने के नाम पर 1.26 करोड़ ठगे

संवाददाता, गोसाईंगंज

- आगरा के कारोबारी से जालसाजों के गिरोह ने की ठगी, रिपोर्ट दर्ज
- लूलू मॉल रेस्टोरेंट में किया था सौदा, रुपये लेने के बाद मुकर गये आरोपी

**अमृत विचारः** बालू खनन के कारोबार में साझेदारी दिलाने के नाम पर जालसाजों के गिरोह ने आगरा के कारोबारी से 1.26 करोड़ रुपये ठग लिये। इसके लिए सुशांत गोल्फ सिटी के लूलू मॉल स्थित रेस्टोरेंट में सौदा तय किया गया। रकम लेने के बाद आरोपियों ने कारोबारी को धमकी देनी शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

आगरा के शमसाबाद स्थित रंजीतपुरा निवासी अमित सिंह न्यू वेदिका कन्स्ट्रक्शन फर्म के स्वामी हैं। खनन कार्य में मशीनें किराये पर देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि करौली निवासी परिचित रविंद्र शेखावत ने उन्हें बड़े खनन ठेकेदारों से जोड़ने का झांसा दिया। इसके बाद लखनऊ के लूलू मॉल स्थित रेस्टोरेंट में लखनऊ के पारा रोड राजाजीपुरम निवासी देवेंद्र सिंह, हमीरपुर कदौरा के जफर खान, बांदा के स्वराज कालोनी




जेल मार्ग निवासी संजय गौतम, रान्या एंड सिंह कंपनी के मैनेजर काकोरी के सिकौरी इटौली निवासी रोहित यादव और अंसार के साथ कुछ अन्य लोगों से मुलाकात कराई। आरोपियों ने बांदा जिले में खनन का बड़ा ठेका मिलने की बात कही। आरोपियों ने जिलाधिकारी कार्यालय से जारी कथित सहमति पत्र और खनन क्षेत्र दिखाकर भरोसा दिलाया। साथ ही 50 प्रतिशत साझेदारी के नाम पर रकम मांगी। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने अलग-अलग तारीखों में आरटीजीएस और नकद मिलाकर करीब 1.26 करोड़ रुपये दे दिए। जब एग्रीमेंट दिया गया तो उसमें हिस्सेदारी सिर्फ 25 प्रतिशत दिखाई गई। रकम के भुगतान का भी जिक्र नहीं था। विरोध करने पर आरोपियों ने उनसे संपर्क करना बंद कर दिया। दिये गये सारे दस्तावेजों की जांच कराई तो सभी फर्जी निकले। जिस गाटा संख्या का जिक्र था, उसका कोई खनन पट्ट ही नहीं हुआ था। आरोपियों से रकम वापस मांगी तो जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस मामले में आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार से मिलकर तहरीर दी। मामले के सभी आरोपी लखनऊ से जुड़े थे। इस कारण मामले को लखनऊ ट्रांसफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गबन करने वाले सचिवों पर होगी एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये के गबन के मामले में छह सचिवों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वर्ष 2018 से 2020 के बीच हुई वित्तीय अनियमितताएं ऑडिट में सामने आईं, लेकिन संबंधितों ने अनुपालन आख्या प्रस्तुत नहीं की। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने एडीओ पंचायत को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विशेष लेखा परीक्षा टीम द्वारा किए गए ऑडिट में गोसाईंगंज ब्लॉक की रतियामऊ, कपेरामदारपुर और घुसकर ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की गड़बड़ी मिली। माल ब्लॉक की रहटा, नारायनपुर और सैदापुर पंचायतों में भी भारी अनियमितताएं सामने आईं। इसके अलावा बीकेटी की गोधना व सरसवां और मलिहाबाद की फतेहपुर पंचायत में भी वित्तीय गड़बड़ी पाई गई। संबंधित सचिवों और प्रधानों ने न तो अभिलेख उपलब्ध कराए, न ही नोटिस का जवाब दिया। ऑडिट टीम को अनुपालन आख्या भी नहीं सौंपी। वसूली नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर गबन मानते हुए छह सचिवों पर एफआईआर के आदेश दिए गए हैं।

**साहित्य उत्सव** | इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24 से 26 अप्रैल तक लगेंगी प्रदर्शनी और होगा नाटकों का मंचन

## रश्मिरथी की हीरक जयंती पर खर्च होंगे 1.90 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि और उनकी कालजयी कृति रश्मिरथी की हीरक जयंती पर सरकार 1 करोड़ 90 लाख रुपये खर्च करेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24 से 26 अप्रैल तक कला प्रदर्शनियां लगाने के साथ नाटकों का मंचन भी किया जाएगा। आयोजन के सिलसिते में प्रदेश सरकार ने निदेशक संस्कृति को जो पत्र भेजा है। आयोजन के दौरान शहर में 25 बड़े द्वार बनावाकर उनपर दिनकर की रचनाएं और महापुरुषों के चित्र उकेरे जाएंगे।






इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी, लोकमान्य तिलक और स्वामी विवेकानंद की कृतियों के जीवन संवाद पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में एक दिन स्वामी विवेकानंद पर नाटक का मंचन किया जाएगा। इस दिन 250 युवा स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में पगड़ी धारण किये हुए नजर आएंगे। इन्हें युवा विवेकानंद संसद नाम दिया गया है। 250 युवाओं को स्वामी विवेकानंद का रूप देने के लिए 2.5 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। जिस दिन लोकमान्य तिलक पर नाटक होगा उस दिन 1500 दर्शकों के लिए तिलक पुणेरी पगड़ी की व्यवस्था की जायेगी। दर्शकों के लिए 1.5 लाख रुपये की पगड़ियां खरीदी जाएंगी। अटल बिहारी वाजपेयी की 10 कविताओं पर एक नृत्य नाटिका तैयार की गई है। 22 कलाकार इसे प्रस्तुत करेंगे। इस नृत्य नाटिका पर 10 लाख रुपये व्यय किये जाएंगे। रश्मिरथी नाट्य मंचन और स्वामी विवेकानंद नाट्य मंचन पर भी 10-10 लाख रुपये व्यय किये जाने को स्वीकृति दे दी गई है।

## सिटी डायरी



कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती।

### कर्म और ज्ञान का संतुलन ही जीवन का सार: अनंतानंद सरस्वती

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर स्थित ईश्वर धाम मंदिर में आयोजित गीता ज्ञान यज्ञ कथा के चतुर्थ अध्याय के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने जीवन में कर्म और ज्ञान के संतुलन को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान या केवल कर्म से जीवन पूर्ण नहीं होता, बल्कि दोनों के सामंजस्य से ही मनुष्य निष्काम भाव से कार्य करते हुए मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज्ञान के साथ किया गया कर्म ही व्यक्ति को सच्ची मुक्ति की ओर ले जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी रामानंद सरस्वती एवं सनातन श्रुति द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई। कथा के दौरान उन्होंने श्री कृष्ण के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु ही मनुष्य को सही और गलत का बोध कराते हैं।



जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सुपरवाइजर और प्रगणक।

### प्रशिक्षण से गायब 46 सुपरवाइजर और प्रगणकों पर होगी एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन-3 के अलीगंज स्थित आईटीआई कॉलेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी विशाख जी ने सोमवार को निरीक्षण किया। जिसमें पहले दिन 46 सुपरवाइजर और प्रगणक गैरहाजिर मिले। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनगणना कार्य से इनकार करने वाले प्रगणक और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत एफआईआर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। जिलाधिकारी ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों को पहले कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा।



दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### वेव्स विषय पर हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र की ओर से इंजीनियर्स भवन में वेव्स 2026 विषय पर वायरलेस आर्किटेक्चर, वीएलएसआई और एंबेडेड सिस्टम्स पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रो. सतेंद्र पाल सिंह डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लविवि ने वायरलेस आर्किटेक्चर, वीएलएसआई और एम्बेडेड सिस्टम्स के महत्व, वर्तमान उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. वीके सिंह पूर्व कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय ने 5 जी और उन्नत सेमीकंडक्टर तकनीकों के साथ इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास पर जोर दिया।



महाकवि सूरदास जयन्ती पर लोक चौपाल में गीत गाते बच्चे।

### सूरदास जयंती पर सजी लोक चौपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित लल्लूमल घाट पर मंगलवार को सूरदास जयंती पर लोक संस्कृति शोध संस्थान ने चौपाल सजाई। चौधरी विमल पंत की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें अर्चना गुप्ता ने देव आह्वान कराया। अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव ने सूरदास की भक्ति पर प्रकाश डाला। निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में कलाकारों ने गीत-नृत्य प्रस्तुत किए। नीरा मिश्रा, रीता पांडेय सहित अन्य गायकों ने प्रस्तुति दी।